## सार-समाचार

### मजदूरों ने काली पट्टी बांधी, रोष जताया

**फलोदी**, (निसं) । कृषि उपज मंडी पल्लेदार मजदूर यूनियन(सीटू ) फलोदी के अध्यक्ष भंवर लाल लीलावत द्वारा अतिरिक्त जिला कलेक्टर फलोदी के माध्यम राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन देकर अवगत कराया है कि चार श्रम संहिताओं के विरोध में बुधवार को कृषि मंडी प्रांगण के सभी मजदूरों द्वारा काली पट्टी बांधकर सरकार के विरोध में काला दिवस के रूप मनाया गया। उन्होंने कहा कि यह श्रम संहिताओं कडा विरोध करते हुए वर्तमान केंद्र सरकार हमारे पूर्वजों के संघर्ष से कई श्रम कानून बने और स्वतंत्र भारत में संसद द्वारा कुल 44 केंद्रीय श्रम कानून तथा राज्य द्वारा लगभग 150 कानून बनाए गए यह सभी उपलब्धियां लगभग 150 वर्षों के संघर्ष का परिणाम है, जो कि यह सरकार यह चार लेबर कोर्ट लाकर खत्म करना चाहती है। जिसमें यूनियन बनाना कठिन हो गया पंजीकरण मुश्किल और निरस्तीकरण आसान हो गया है, जबकि ट्रेड यूनियन गतिविधियों को दंडनीय बनाया जाकर कार्य समय की सीमा को खुला छोड दिया गया है, जिससे उसे मनमाना ढंग से बढाया जा सके हडताल का अधिकार लगभग समाप्त कर दिया गया है। जयगोपाल मेघवाल(सीटू) ने कहा है कि कमठा एव निर्माण मजदूरो के श्रमिक कार्ड को लेकर बडी समस्या आ रही है जो वास्तविक कमठा मजदूर है उनके फॉर्म ऑटो रिजेक्ट कर दिए जा रहे हैं। इस मौके पर नखताराम,सुरेश मेघवाल,चंदन कुमार,गणपत राम (हेल्पिंग हेड राष्ट्रीय अध्यक्ष) ,भागीरथ, ताजा राम,खेमाराम, इंद्राराम,सोहन बिश्नोई, श्रवण बिश्नोई,हबीब खोखर आदि उपस्थित रहे।

### स्काउट मास्टर बेसिक प्रशिक्षण संपन्न

**जालोर**, (कासं)। स्काउट मास्टर बेसिक कोर्स प्रशिक्षण शिविर श्री फुलमुक्तेश्वर महादेव मन्दिर होतीगांव मे सम्पन स्काउट मास्टर बेसिक कोर्स प्रशिक्षण शिविर महन्त सन्तोष पुरी महाराज,वचनपुरी महाराज के आशीर्वाद से संपन्न हुआ। भारत स्काउट्स एंड गाइड्स के जिला मुख्यालय जालोर स्थानीय संघ चितलवाना तत्वावधान में स्काउट मास्टर बेसिक प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया इन शिविर में विद्यालयों के शिक्षकों को स्काउटिंग के सिद्धांतों, अनुशासन, नेतृत्व और सेवा का प्रशिक्षण दिया ।इस समापन अवसर पर मुख्य अतिथि महन्त ने समस्त स्काउटरों को विद्यालय मे स्काउट्स तैयार करने का आव्हान किया। बेसिक कोर्स का संचालन मूलाराम सहायक लीडर ट्रेनर ने किया। रमेश कुमार शर्मा ने सेवा ही संगठन का ध्येय है के अनुसार कार्य करने पर जोर दिया । सचिव देराम राम ने अतिथियो एव स्काउटरो का आभार व्यक्त किया । सीओ स्काउट सवाई सिंह राठौड ने बताया कि शिक्षक स्काउट मास्टर का प्रशिक्षण प्राप्त कर से विद्यालय में सक्रिय रूप से स्काउटिंग की गतिविधियां संचालित करेंगे। इस से जिले में राज्य पुरस्कार एवं राष्ट्रपति अवार्ड तक जाने का बालक बालिकाओं को अवसर प्रदान होगा। इस अवसर पर वचनपुरी महाराज, हनुमाना राम कुराड़ा, उदाराम खिलेरी,दलपत सिह जोधा , प्रभुराम, महेशदान ,सुरेश चन्द ,ताराराम,राजेश कुमार,देवीलाल सुथार हीरालाल, बाबुलाल,प्रवीण कुमार आदि स्काउटर मौजूद रहे।

### मनु वाटिका का शुभारंभ

**फलोदी**, (निसं)। सीनियर स्कूल फलोदी में बुधवार को पोषण वाटिका का शुभारंभ कर एक सराहनीय पहल की शुरुआत की गई। इस समेकित वाटिका को मनु वाटिका नाम दिया गया है, जिसमें औषधीय पौधों, हरी सब्जियों तथा एक सुंदर बगीचे का विकास किया जाएगा। कार्यक्रम सादगीपूर्ण वातावरण में आयोजित हुआ, जिसमें विद्यालय स्टाफ और विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रिंसिपल मनमोहन पुरोहित ने इस अवसर पर संबोधित करते हुए कहा कि मनु वाटिका विद्यार्थियों के लिए पोषण, पर्यावरण जागरूकता और स्वावलंबन का जीवंत प्रयोग बनेगी। उन्होंने सभी से इस पहल को सफल बनाने के लिए सक्रिय सहयोग का आव्हान किया।इस अवसर पर अरुण कुमार, ईश्वर सिंह, सुखराम, दिनेश थानवी, राजेश तंवर, गिरिराज पुरोहित, अशोक बिश्नोई, बालकिशन, महेंद्र नाथ, सुशीला बुडानिया, नीलम थानवी, मधुबाला, पिंकी परिहार, संजू थानवी, मदन गोपाल, रमेश कुमार, अरुण पुरोहित, कमल पुरोहित, प्रेम जांगिड़ एवं रामेश्वर सहित अन्य स्टाफ सदस्य शामिल रहे।

### छात्रा वंशिका कच्छावाह का स्वागत

**जोधपुर**, (कास )। राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय,राज महल, अजय चौक, जोधपुर, की कक्षा 12 कला वर्ग की छात्रा वंशिका कच्छावाह का आज विद्यालय में अभिनन्दन किया गया। विद्यालय की प्रिंसिपल कमलेश वर्मा ने साफा पहनाकर तथा माल्यार्पण कर वंशिका का स्वागत किया। वंशिका कच्छावाह ने कक्षा 12 कला वर्ग 97.40 प्रतिशत प्राप्त किये। विद्यालय में सम्मान के बाद विद्यालय की छात्राओं ने रैली के रुप में वंशिका कच्छावाह को उसके निवास तक पहुंचाया। विद्यालय की प्रिंसिपल कमलेश वर्मा ने बताया कि इस बच्ची ने बिना किसी कोचिंग और ट्यूशन के अपनी खुद की मेहनत पर अपने आप को अनुशासन में रखकर यह अंक प्राप्त किए हैं। वंशिका कच्छावाह ने बताया कि वह सिविल सर्विसेज मे कार्य करना चाहती है। वंशिका के पिता घनश्याम कच्छावाहा सिलाई का कार्य करते हैं ।

### यज्ञ में आहुतियों दी, प्रवेशोत्सव मनाया

**जालोर**, (कासं)। शहर की रूपनगर कॉलोनी स्थित वीएस महावीर उच्च माध्यमिक विद्यालय में बुधवार को प्रवेशोत्सव मनाया गया।इसके लिए गायत्री परिवार से आए विद्वानों ने विद्यार्थियों व शिक्षकों से यज्ञ में आहुतियों के द्वारा अपने अंदर विद्यमान किसी भी एक बुराई को समाप्त करने का संकल्प दिलाया।साथ ही सभी से वेदमंत्रों का उच्चारण करवाकर विश्व के कल्याण की कामना की। यज्ञ के यजमान विद्यालय के प्रधानाचार्य इन्द्रपुरी गोस्वामी थे।वहीं यज्ञ के लाभार्थी प्रदीप जैन थे।यज्ञ के पश्चात सभी विद्यार्थियों ने श्रेष्ठ कर्म करने,मानवता व अपने माता पिता की सेवा करने का संकल्प लिया।इस दौरान प्रधानाचार्य इन्द्रपुरी गोस्वामी ने कहा कि यज्ञ परमात्मा को याद करने का उत्तम साधन है।उन्होंने कहा कि नियमित यज्ञ करने से पर्यावरण की भी शुद्धि होती है।

### आज गूंजेंगे बजरंगबली के जयकारे

**पाली**, (नि.सं.)। राम भक्त हनुमान बजरंगबली के जन्मोत्सव पर गुरुवार को शहर के हनुमान मंदिर में बजरंगबली के जयकार लगेंगे और भक्त बालाजी को रोट चढ़ाकर मनोकामना पूर्ण करेंगे। इसी क्रम में शहर के मुख्य बजरंग बाग मंदिर में हनुमान जयंती को लेकर आकर्षक रोशनी से सजाया गया है। यहां पर सुबह से कई कार्यक्रम होंगे जिसमें दोपहर में सुंदरकांड पाठ, रात्रि में भजन संध्या का आयोजन होगा। सोमनाथ स्थित दास हनुमान मंदिर, खाकी चौक बालाजी मंदिर में सुंदरकांड पाठ के आयोजन होंगे। दादू दयाल हनुमान मंदिर भेरू घाट, सिरेघाट बालाजी, इच्छापूर्ति बालाजी मेहंदीपुर बालाजी खोडिया बालाजी, मंदिरों में हनुमान जयंती मनाई जाएगी।

### अमृत धारा प्रकल्प शुरू

**जालोर**, (कासं)। मारवाडी युवा मंच, जालोर शाखा एवं हीरा दे शाखा की ओर से बुधवार को को अमृत धारा प्रकल्प का शुभारंभ विधिवत मंत्रोच्चार के साथ किया गया। इस अवसर पर छ्वढ्ढञ्जह्व द्वारा संपूर्ण भारत में आयोजित नवकार दिवस 2.0 के प्रचार रथ का भी भव्य स्वागत किया गया। मंच के अध्यक्ष मोहित बोहरा ने जानकारी देते हुए बताया कि मारवाडी युवा मंच द्वारा अमृत धारा प्रकल्प के तहत महावीर जयंती से 5 माह तक पूरे शहर में 14 स्थानों पर अस्थायी ठंडे पानी की प्याऊ संचालित की जाएगी, जिससे आमजन को गर्मी के मौसम में राहत मिलेगी। हीरा दे शाखा की अध्यक्ष मीनाक्षी कोठारी ने प्याऊ का उद्घाटन कर सेवा कार्य का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में मंच के पूर्व अध्यक्ष श्रीकांत भूतडा, राजू चौधरी, भरत गोयल सहित मंच के अनेक सदस्य उपस्थित रहे।

### अनुपमा फिर से जैसलमेर कलेक्टर

**जैसलमेर**, (नि.सं.)। राजस्थान सरकार द्वारा 1 अप्रैल 2026 को किए गए एक बड़े प्रशासनिक फेरबदल में 2011 बैच की आईएएस अनुपमा जोरवाल को एक बार फिर जैसलमेर जिला कलेक्टर के पद पर नियुक्त किया गया है। इस नियुक्ति की सबसे खास बात यह है कि अनुपमा जोरवाल लगभग 7 साल बाद उसी जिले की कमान संभालेंगी, जहां उन्होंने पहले मात्र 4 महीने तक अपनी सेवाएं दी थी। अनुपमा जोरवाल को जैसलमेर में रिपीट कलेक्टर के रूप में देखा जा रहा है। इससे पहले भी वह जैसलमेर की कलेक्टर रही थी। वह निवर्तमान कलेक्टर प्रतापसिंह का स्थान लेंगी, जिनका तबादला जयपुर कर दिया गया है।

### पंचायत स्तरीय जनसुनवाई आज

**जालोर**,(का.सं.)। जिले में त्रिस्तरीय जनसुनवाई के तहत सभी ग्राम पंचायत मुख्यालयों पर 2 अप्रैल को प्रातः 11 बजे से पंचायत स्तरीय जनसुनवाई होगी। जिला कलैक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे ने जानकारी दी।

# हनुमान जन्मोत्सव आज, सवामणी सहित सुंदरकांड होगा

**जोधपुर**, (कासं)। चैत्र शुक्ल पूर्णिमा पर गुरुवार को जोधपुर में हनुमान जन्मोत्सव धूमधाम से श्रद्धापूर्वक मनाया जाएगा। इस दौरान शहर के सभी हनुमान मंदिरों में विशेष धार्मिक आयोजन होंगे। सभी हनुमान मंदिरों को सजाया संवारा गया है।

हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर पाल बालाजी मंदिर में सुंदरकांड सहित विभिन्न धार्मिक आयोजन होंगे। मंदिर के पुजारी ने बताया कि हनुमान जन्मोत्सव पर सुबह ध्वजारोहण किया जाएगा। इसके बाद हनुमानजी का पंचामृत से स्नान व विशेष श्रृंगार किया जाएगा। सुबह 11 बजे सुंदरकाण्ड व सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ होगा। इसके साथ ही हनुमानजी को 51 सवामणी का भोग लगाया जाएगा व फिर भक्तों को प्रसाद वितरण किया जाएगा।

वहीं ज्वाला विहार स्थित बालाजी मंदिर में सुबह शिखर पर ध्वजा चढ़ाई चढ़ाई जाएगी। माल्यार्पण के बाद भोग अर्पित किया जाएगा। शाम को बालाजी के नाम एक शाम का आयोजन और सुंदरकांड पाठ किया जाएगा। माया देवी के सान्निध्य में आरती होगी। इस अवसर पर उल्लेखनीय सेवाएं देने वाले सेवादारों का सम्मान किया जाएगा।

रातानाडा शिव मंदिर रोड श्रीराम चौराहा स्थित श्री इच्छापूर्ण बालाजी मंदिर को आकर्षक फूलमंडली व विशेष रोशनी से सजाया जाएगा और बालाजी की प्रतिमा का अलौकिक श्रृंगार किया जाएगा।

शाम पांच बजे सुंदरकांड पाठ का आयोजन होगा व 21 किलो लड्डू का भोग लगाकर संध्या आरती के पश्चात प्रसाद वितरण किया जाएगा।

रातानाडा पुरानी लोको स्थित श्री हनुमान मंदिर में श्री हनुमान मंदिर प्रबंधन समिति की ओर से मंदिर सेवक पंडित ओमप्रकाश श्रीमाली महाराज के सान्निध्य में हनुमान जन्मोत्सव मनाया जाएगा। मंदिर को आकर्षक फूलमंडली व विशेष रोशनी से सजाया जाएगा और श्री हनुमान व देव प्रतिमाओं का मनोरम श्रृंगार किया जाएगा।

पंचमुखी बालाजी मंदिर सिटी पुलिस क्षेत्र में श्रद्धालुओं के लिए विशेष रूप से अखंड रामायण पाठ एवं संकीर्तन मंडल द्वारा भक्ति रस से भरपूर आयोजन रखा गया है। कार्यक्रम की शुरुआत आरती के साथ होगी। सुबह आइ बजे अखंड पाठ प्रारंभ किया जाएगा, जिसका समापन तीन अप्रैल को सुबह नौ बजे पूर्ण आरती के साथ होगा।

शास्त्री नगर सेक्टर ए स्थित शनिधाम में श्री हनुमान जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। इस दिन चमत्कारी दक्षिण मुखी वीर हनुमान का महाभिषेक, बागा, चोला, पोशाक धारण करवाई जाएगी। शाम 5 बजे सामूहिक सुन्दरकाण्ड पाठ होगा। पृथ्वीराज नगर विकास समिति द्वारा संचालित श्री संकट मोचन बालाजी मंदिर में हनुमान जन्मोत्सव के पावन अवसर पर शाम को संगीतमय सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया जाएगा।

सिवांची गेट सोहमगढ़ स्थित सतगुरु देव भगवान सोहम आश्रम में हनुमान जन्मोत्सव पर सुबह ध्वजारोहण, सोहम बाबा और रामभक्त हनुमान की तस्वीर पर माल्यार्पण और विधिवत पूजा अर्चना के बाद प्रसादी एवं सोहम भजन मंडली द्वारा भजनों की प्रस्तुति दी जाएगी।

जागरूक युवा फोर्स समिति की ओर से श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर हनुमान चौक जालप मोहल्ला में हनुमान जन्मोत्सव के पावन अवसर पर सायंकाल महाआरती के पश्चात महाप्रसादी का आयोजन किया जाएगा।

चांदपोल गोवर्धन तालाब स्थित श्री हनुमानगढ़ मंदिर में सुबह श्रृंगार, फूलमंडली तथा शाम को आरती के बाद महाप्रसादी का आयोजन किया जाएगा। इसी प्रकार चांदपोल के बाहर स्थित संकट हरण बालाजी मंदिर में निशुल्क पाठ के 26 वर्ष पूर्ण होने पर गुरुवार को सायं 5 बजे से सुन्दरकाण्ड पाठ के बाद महाप्रसादी का आयोजन किया जाएगा। रसाला रोड शेखावतजी का तालाब स्थित श्री बालाजी मंदिर में मारुति नंदन को चूरमे के लड्डू और रोट का विशेष भोग अर्पित किया जाएगा। साथ ही हर वर्ष की भांति इस बार भी सुंदरकांड पाठ का आयोजन होगा। घोड़ों का चौक सोजतियां घाचियों का बास स्थित श्री सिद्ध मनोकामना पूर्ण बालाजी मंदिर में दोपहर दो बजे से विजय भारती महाराज के सान्निध्य में संगीतमय रामचरित मानस एवं सुंदरकांड पाठ किया जाएगा। रात्रि आठ बजे बालाजी आरती के पश्चात भक्तों में प्रसाद का वितरण किया जाएगा।

झूलेलाल महल चौपासनी हाउसिंग बोर्ड में भी हनुमान जन्मोत्सव मनाया जाएगा। पंचायत अध्यक्ष प्रभु ठारवानी व महिला मंडल की काजल भूलचंदानी ने बताया कि दोपहर बारह बजे जब हनुमानजी का का जन्म हुआ था ठीक उसी वक्त जन्मोत्सव पंडित कमलेश तिवारी के सानिध्य में मनाया जाएगा। कार्यक्रम पूज्य सिंधी पंचायत व पूज्य सिंधी सेंट्रल पंचायत अध्यक्ष राम तोलानी, महासचिव लक्ष्मण खेतानी, महेश खेतानी, पूनम मोतियानी की देख देख में संपन्न होगा।

प्रताप नगर स्थित, हनुमान शानि धाम में हनुमान जन्मोत्सव बड़े धूमधाम से मनाया जाएगा जिसको लेकर तैयारी पूरी कर ली गई है ।गादीपति गोपाल महाराज ने बताया कि सुबह 9:00 बजे ध्वज हरण 10:00 बजे सिंगर पूजा आरती 11:00 से राजेश गुप्ता एंड पार्टी द्वारा भजनों के प्रस्तुति व महिला मंडल भी अपने भजन प्रस्तुत करेंगे । सवामणि प्रसादी व 51 किलो खीर का भोग लगाया जाएगा उसके बाद प्रसादी का वितरण किया जाएगा।

### मानसरोवर में सवामणी होगी

चैत्र शुक्ल पूर्णिमा पर गुरूवार को हनुमान जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में आज पाल रोड स्थित मानसरोवर कोलोनी के हनुमान मंदिर में सुंदरकांड पाठ के आयोजन सहित कई धार्मिक आयोजन होंगे। हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर मंगला आरती के साथ ध्वजारोहण किया जाएगा।

इसके बाद विशेष श्रृंगार किया जाएगा उसके पश्चात मंदिर परिसर में सभी कोलोनी वासीयों द्वारा सामूहिक सुंदरकांड व हनुमान चालीसा पाठ किया जाएगा। इसके साथ ही सवामणी का भोग लगाया जाएगा व फिर सभी भक्तों को प्रसाद वितरण किया जाएगा। इस अवसर पर मंदिर को रंग बिरंगे फूलों से सजाया जाएगा और आकर्षक रोशनी भी की जाएगी।

# जालोर कांग्रेस कमेटी की बैठक आयोजित

**जालोर**, (कासं)। राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार संगठन बचाओ-लोकतंत्र बचाओ अभियान के तहत ब्लॉक एवम नगर कांग्रेस जालोर की संयुक्त बैठक 1 अप्रैल सुबह जिलाध्यक्ष रमिला मेघवाल की अध्यक्षता में राजीव गांधी भवन जालोर में आयोजित हुई।

जिलाध्यक्ष रमिला मेघवाल ने कहा कि संगठन बढ़ाओ-लोकतंत्र बचाओ अभियान आज से प्रारम्भ किया जा रहा है। अभियान के तहत् जालोर जिले के समस्त वार्ड, ग्राम पंचायत, ब्लॉक तथा जिला कांग्रेस कमेटियों की बैठक आयोजित कर जन-जागरण अभियान चलाया जाएगा। बैठक को पुर्व जिलाध्यक्ष भंवरलाल मेघवाल, प्रदेश महासचिव नैन सिंह राजपुरोहित, ब्लॉक अध्यक्ष भोमाराम मेघवाल, नगराध्यक्ष मुमताज अली, एस सी जिलाध्यक्ष खसाराम मेघवाल,एनएसयूआई जिलाध्यक्ष सुष्मिता गर्ग, मंडल अध्यक्ष रमेश सोलंकी, पुणे खान,भरत मेघवाल, किशनाराम चौधरी ने भी सम्बोधित किया। संचालन कांग्रेस प्रवक्ता योगेंद्र सिंह कुम्पावत ने किया। नवनियुक्त जालोर ग्रामीण मंडल अध्यक्ष किशनाराम चौधरी एवं बाकरा मंडल अध्यक्ष भरत मेघवाल का स्वागत सत्कार किया।

बेठक समाप्ति के पश्चात समस्त कांग्रेसजनों ने जालोर शहर की सीवरेज, सड़कों सहित विभिन्न जनसमस्याओं के निराकरण के लिए अतिरिक्त जिला कलेक्टर जालोर को एक ज्ञापन सौंपा।

ओबीसी जिलाध्यक्ष सी एल गहलोत, मंडल अध्यक्ष रमेश सोलंकी, पीर सिंह मालपुरा, पुणे खान,भरत मेघवाल, किशनाराम चौधरी, गीता श्री मेघवाल, कामिनी शर्मा, बसंत सुथार,लक्ष्मण सिंह सांखला, सुरेश मेघवाल, शीला चौधरी, मांगीलाल गर्ग,मदन आब्रा,महेंद्र सोनगरा, जोगाराम सरगरा, बंशीलाल माली,उम्मेद सिंह चारण, मिश्रीमल गहलोत,फूसाराम माली,सुरेश गर्ग, कृष्ण कुमार वनिका, भरत सुथार, अयूब शेख,पुखराज माली,इकबाल खान, हामिद खान नागोरी, कमल सिंह बालावत, फकरुद्दीन मेहर,ओमप्रकाश चौधरी,कपूराराम परिहार,जुजाराम ,बाबुलाल नरसाना मदन सिंह ,पोकाराम मीणा,करनाराम तिखी सहित कांग्रेसजन उपस्थित थे।

# ग्रुप मेडिक्लेम बीमा पॉलिसी पर 18 फीसदी जीएसटी वसूलने पर सरकार को नोटिस

**जोधपुर**, (कास )। राजस्थान उच्च न्यायालय के वरिष्ठ न्यायाधीश अरुण मोंगा और न्यायाधीश सुनील बेनीवाल की खंडपीठ ने ग्रुप मेडिक्लेम बीमा पॉलिसी प्रीमियम पर 18 फीसदी जीएसटी वसूलने को चुनौती दिए जाने पर भारत सरकार, केंद्रीय वित्त सचिव, जीएसटी काउंसिल, राज्य सरकार तथा यूनाइटेड इंडिया इंश्योरेंस कंपनी को नोटिस जारी कर 24 अप्रैल तक जवाब तलब किया है और आदेश दिया कि जमा जीएसटी रिट याचिका के निर्णयधीन रहेगी।

अनिल भंडारी ने अधिवक्ता अनिल भंसाली और सुनील भंडारी के माध्यम से रिट याचिका दायर कर कहा कि जीएसटी काउंसिल ने देश के आम नागरिकों के हितार्थ स्वास्थ्य बीमा पॉलिसी प्रीमियम पर जीएसटी को समाप्त करने की सिफारिश गत वर्ष तीन सितंबर को की और उसी अनुरूप केंद्रीय वित्त मंत्रालय ने 17 सितंबर को जारी अधिसूचना में स्वास्थ्य बीमा प्रीमियम पर जीएसटी हटाने का प्रावधान किया और अंकित किया कि बीमा प्राप्त करने वास्ते ग्रुप के अलावा अन्य प्रकार के ग्रुप पर यह राहत नहीं होगी।

प्रार्थी के अधिवक्ता ने बहस करते हुए कहा कि वे अपना और परिवार का मेडिक्लेम बीमा पिछले चार दशक से स्वयं प्रीमियम भर कर करवाते आ रहे हैं और उनकी पॉलिसी सिर्फ नाम से ग्रुप मेडिक्लेम पॉलिसी है, जबकि वास्तव में यह व्यक्तिगत पारिवारिक मेडिक्लेम बीमा पॉलिसी है और यूनाइटेड इंडिया इंश्योरेंस के जरिए ली जाने वाली बीमा का जो ग्रुप बनाया गया है, उसके आधार पर प्रार्थी जीएसटी छूट का हकदार है इसलिए एक अप्रैल से जारी होने वाली बीमा पॉलिसी प्रीमियम पर 18 फीसदी जीएसटी लगाया जाना गलत है। इस पर राजस्थान हाइकोर्ट की खंडपीठ ने भारत सरकार, केंद्रीय वित्त सचिव, जीएसटी काउंसिल, राज्य सरकार और यूनाइटेड इंडिया इंश्योरेंस कंपनी को नोटिस जारी किया है।

# पीपा जयंती, रक्तदान व नेत्र जांच शिविर आयोजित

**जोधपुर**, (कास )। संत शिरोमणि पीपाजी महाराज की 703 वी जयंती पर बुधवार को रक्तदान तथा नेत्र जांच शिविर तथा शाम को भजन संध्या का आयोजन किया गया।

ट्रस्ट के अध्यक्ष प्रकाश चावड़ा तथा सचिव नरेश सोलंकी ने बताया कि दो दिवसीय पीपा जयन्ती महोत्सव कार्यक्रम के अन्तर्गत प्रथम दिन आज रातानाडा स्थित समाज भवन में रक्तदान तथा नेत्र जांच शिविर आयोजित किया गया। रक्तदान को लेकर युवाओं में भारी उत्साह रहा वहीं नेत्र जांच के लिए सीनियर सिटीजनों की भीड़ उमड़ी। युवाओं ने 183 यूनिट रक्तदान किया वहीं 381 जनों की आंखों की जांच की गई। 185 लोगों को निशुल्क चश्मे वितरित किए गए। इस अवसर पर सैंकड़ों समाजबंधु उपस्थित रहे।

ट्रस्ट के अध्यक्ष प्रकाश चावड़ा तथा सचिव नरेश सोलंकी ने बताया कि संत पीपा जी महाराज के चित्र पर दीप प्रज्ज्वलित कर सुबह नौ बजे रक्तदान तथा नैत्र जांच शिविर का शुभारंभ किया गया।यह शिविर दोपहर दो बजे तक जारी रहा । शाम को विजय चौक स्थित संत पीपा जी महाराज के मंदिर में सुंदरकांड पाठ व भजन संध्या का आयोजन डा. विजय लक्ष्मी गोयल के निर्देशन में किया गया। ट्रस्ट के अध्यक्ष प्रकाश चावड़ा तथा सचिव नरेश सोलंकी ने बताया कि 2 अप्रैल को सुबह शहर के सभी पीपाजी महाराज के मन्दिरों पर प्रातः पूजा अर्चना के साथ ही हवन किया जाएगा। समाज के लोग अपने अपने घरों में आराध्य देव की पूजा पाठ कर विश्व शांति की प्रार्थना करेंगे। सुबह की पूजा अर्चना के बाद विजय चौक से भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। विध्यानगर , सूरसागर तथा माता का थान क्षेत्र से शोभा यात्रा निकाली जाएगी। ये सभी लघु यात्राएं विजय चौक पहुंचकर मुख्य शोभायात्रा में शामिल हो जाएगी। वहां पर प्रातः 10.30 बजे अतिथियों द्वारा केसरिया झंडी दिखाकर शोभायात्रा को रवाना किया जाएगा।

शोभायात्रा प्रभारी सीताराम पंवार, पृथ्वीराज चौहान तथा झांकियां प्रभारी दिलीप सोलंकी ने बताया कि शोभायात्रा में भारतीय संस्कृति से ओतप्रोत अनेक झांकियां शामिल रहेगी। पांच सौ मातृशक्ति अठाम पक्ति में कलश उठाए चलेगी। शोभायात्रा में अनेक,युवा दुपहिया वाहन के साथ श्रृंखलाबद्ध चलेंगे। शोभायात्रा विजय चौक मंदिर से आरम्भ होकर अजयचौक, गुलाब सागर, उम्मेद चौक, त्रिपोलिया बाजार, सोजती गेट, मोहनपुरा पुलिया होकर आर्य समाज भवन पहुंच कर संपन्न होगी। इसके पश्चात समाजबंधुओं के लिए महाप्रसादी का आयोजन होगा। इसमें करीब 10 हजार की संख्या में समाज बंधु व मातृशक्ति प्रसादी ग्रहण करेंगे। दो दिवसीय पीपा जयन्ती महोत्सव का समापन हो जाएगा।

### पुरसनाराम के दरबार साहिब का भूमि पूजन

**पाली**, (नि.सं.)। पाली शहर के हाउसिंग क्षेत्र में बुधवार को साईं पुरसनाराम साहिब के दरबार का भव्य भूमि पूजन समारोह आयोजित किया गया। दरबार निर्माण समिति के संयोजक रमेश नावानी ने जानकारी देते हुए बताया कि भूमि पूजन वर्तमान गादीपति साईं तुलसीदास एवं उनके पुत्र साईं गुरमुखदास के कर कमलों द्वारा विधिवत संपन्न हुआ।

इस दरबार परिसर में साईं पुरसनाराम साहिब का भव्य मंदिर बनाया जाएगा। साथ ही सत्संग के लिए दो बड़े हॉल का भी निर्माण किया जाएगा। कार्यक्रम में पूर्व उपमहापौर ललित प्रितमानी, समाज अध्यक्ष राजेश पुरुस्वानी, पूर्व पार्षद लालभाई पर्शवानी, हरिभाई तुलसवानी, लक्ष्मण दास आडवाणी, जितेंद्र रामचंदानी, प्रदीप नावानी, हरीश आसनानी, नथुमल गंगवानी, संजय मोहनानी, मोहित आडवाणी, राजेंद्र नावानी, राजू अदानी, हेमंत तनवानी, चंदन कुंदनानी सहित बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया।

# रावल सिंह हत्या मामले में तीन और आरोपी पकड़े

**जोधपुर**, (कास )। मतोड़ा थाना क्षेत्र के भीकमकोर कस्बे में गत 21 मार्च को रावल सिंह की गोली मारकर हत्या करने के मामले में ीन और आरोपियों को गिरफ्तार हुए। वारदात में प्रयुक्त दो पिस्टल व तीन वाहन भी बरामद किए।

फलोदी एसपी सतनाम सिंह ने बताया कि पुलिस ने यह घटना 21 मार्च को हुई थी, जब रावल सिंह की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी और आरोपी फरार हो गए था। नौसर निवासी कुलदीप पुत्र नरपत सिंह की रिपोर्ट पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की गई। घटना की गंभीरता को देखते हुए विभिन्न पुलिस टीमों का गठन किया था। गठित टीमों ने सूचना के आधार पर पुलिस ने पिछले दिनों मुख्य आरोपी रघुवीर सिंह को गिरफ्तार कर लिया था। मामले में तीन और आरोपी भियाडिया थाना मतोड़ा निवासी दुर्गसिंह पुत्र प्रेमसिंह, खेतासर थाना ओसियां निवासी गोपीलाल पुत्र रतनाराम जाट और जाटीपुरा ओसियां निवासी प्रेम डोगियाल पुत्र भवंरलाल जाट को गिरफ्तार किया गया है। टीमों से प्राप्त आसूचना व तकनीकी डाटाबेस के आधार पर मतोड़ा थानाधिकारी अमानाराम मय टीम ने अभियुक्त दुर्गसिंह व गोपीलाल को अमृतसर, पंजाब में रात्रि को सोते हुए दस्तयाब किया। वांछित अभियुक्त प्रेम डोगियाल को ओसियां के आसपास पहाड़ी इलाकें में पकड़ा। अभियुक्त रघुवीरसिंह से हत्या में प्रयुक्त पिस्टल सहित दो पिस्टल मय तीन राउण्ड व वारदात में प्रयुक्त दो बाइक व कार को भी बरामद किया है।

### बांठिया ने पूजा अर्चना की

**बालोतरा**,(निसं। भारतीय जनता पार्टी प्रदेश काफी समिति सदस्य व चम्पालाल बांठिया चेरिटेबल ट्रस्ट अध्यक्ष गणपत बांठिया ने महावीर स्वामी जन्मोत्सव पर क्षेत्र के विभिन्न मंदिरों में पूजा अर्चना कर देश में अमन चैन व खुशहाली की कामना करते हुए सामाजिक कार्यक्रमों में भाग लिया।

गणपत बांठिया ने परालिया स्थित बालाजी मंदिर में पूजा अर्चना कर मंदिर महंत के दर्शन कर वार्ता की।

वहीं आयोजित सामाजिक कार्यक्रम में भाग लेकर ग्रामीणों से चर्चा की।उसके बाद बांठिया ने जयपुर प्रवास जाते समय भगवान महावीर स्वामी मंदिर में पूजा अर्चना की।

इस दौरान उन्होंने कहा कि भगवान महावीर द्वारा दिए गए सिद्धांत आज भी उतने ही प्रासंगिक हैं।

उन्होंने मानवता को सिखाया कि सच्ची शक्ति किसी को कष्ट देने में नहीं, बल्कि हर जीव के प्राण प्रेम, दया और संवेदनशीलता रखने में है।त्याग, तप और आत्मसंयम का पर्याय भगवान महावीर का जीवन हमें सिखाता है कि शांति और अहिंसा ही वह मार्ग है, जो विश्व को स्थायी सुख और संतुलन दे सकता है।ॠाज आवश्यकता है कि हम उनके आदर्शों को अपने जीवन उतारें।

# जे.डी.सी. उत्साह चौधरी ने कार्यों की समीक्षा की

**जोधपुर**, (कासं)। आयुक्त जोधपुर विकास प्राधिकरण आयुक्त उत्साह चौधरी ने बुधवार को उच्च अधिकारियों की समीक्षात्मक बैठक ली।

बैठक में प्राधिकरण की विभिन्न आनलाईन सेवाओं, राजस्थान सम्पर्क, लोकायुक्त, मानवाधिकार, राजकाज इत्यादि के प्रकरणों की प्रगति की समीक्षा की गयी। बैठक में जेडीए सचिव श्रीमती चंचल वर्मा, उपसचिव श्रीमती कंचन राठौड़, उपायुक्तगण, निदेशकगण, तहसीलदारगण, अभियन्तागण, एसीपी मय आईटी सेल टीम मौजूद रहे।

बैठक में आयुक्त द्वारा प्राधिकरण की विभिन्न आनलाईन सेवाओं 90ए, भवन निर्माण स्वीकृति, लीजडीड, प्रोपर्टी आईडी जारी करना, नाम हस्तांतरण, उपविभाजन एवं पुनर्गठन इत्यादि के लम्बित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारी को शीघ्र निस्तारण कर आमजन को राहत प्रदान करने के निर्देश प्रदान किए गए।

आयुक्त द्वारा राजस्थान सम्पर्क के प्रकरणों के लम्बित प्रकरणों की प्रगति की समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए।

जानकारी के अनुसार बैठक में राजकाज ई-फाईल व ई-डाक पेंडिंग रिपोर्ट एवं ई-फाईल डिस्पोजल रिपोर्ट की भी समीक्षा की गई।

### भूखंडों की ई-नीलामी जारी

जोधपुर विकास प्राधिकरण आयुक्त उत्साह चौधरी के कुशल नेतृत्व एवं निर्देशन में प्राधिकरण द्वारा आयोजित ई-नीलामी माह फरवरी-मई 2026 के अन्तर्गत गुरूवार, 02 अप्रैल को सुन्दर सिंह भण्डारी नगर योजना के भू.सं 485 व 487 एवं मण्डलनाथ आवास योजना के भू.सं. ए-240 व ए-251 की ई-नीलामी की जाएगी।

निदेशक वित्त मंजीत चारण ने बताया कि जेडीए द्वारा बुधवार को ई-नीलामी में सुन्दरसिंह भण्डारी नगर योजना एवं मण्डलनाथ आवास योजना के एक-एक का विक्रय किया गया। मण्डलनाथ आवास योजना में बुधवार को 10800/-रू प्रति वर्गमीटर की उच्चतम बोली दर प्राप्त हुई।

निदेशक वित्त ने जानकारी देते हुए बताया कि प्राधिकरण द्वारा अप्रैल माह में प्रस्तावित भूखण्ड़ों की नीलामी में आवेदकों द्वारा नियमानुसार धरोहर राशि जमा करवाते हुए ई-नीलामी में भाग लिया जा सकता है। प्राधिकरण द्वारा ई-नीलामी की प्रक्रि